## कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**सादुलपुर**, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ खेल ग्राउंड में चल रही 68वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मंगलवार को जिले भर की विभिन्न स्कूलों से आए हुए 17 व 19 वर्ष वर्ग में कबड्डी खिलाडियों के मध्य रोचक मुकाबले खेले गए।

प्रतियोगिता संयोजक प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने बताया कि मंगलवार को खेले गए 17 वर्षीय मुकाबले में करियर पब्लिक सेहला, पाबूसर, टैगोर शिक्षण संस्थान, बलाल, सीऊवा, बनियाला, रिडखला व साहवा की टीम विजय रही।

इसी प्रकार 19 वर्ष में राजासर बिकान, साहवा, कैरियर सैहला, और राजस्थान पब्लिक स्कूल सादुलपुर की स्कूल विजेता रही। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया व उपप्राचार्य राजवीर सुड्डा ने खिलाडियों का परिचय प्राप्त कर विजेता टीम को बधाई प्रेषित करते हुए अनुशासन और खेल भावना से खेलने का आ ान किया। विद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा सुनील मील और संदीप जाडिया के नेतृत्व में मैदान में आवश्यक व्यवस्था की। तथा कोच जसवंत पूनिया व रोहतास कुल्हाड ने प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# 'हार-जीत को खेल का हिस्सा मानकर आपसी सौहार्द्ध से खेलना चाहिए'

**चूरू**, (निसं)। जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारम्भ सोमवार को गुरुकुल एकेडमी सोमासी में मुख्य अतिथि पीसीसी सचिव मुस्ताक खान ने तीर चलाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान दीपचंद राहड ने की।

इस अवसर पर मुस्ताक खान ने कहा कि तीरंदाजी एकल खेल

■ **जिला-स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारम्भ**

प्रतियोगिता है, जिसमें खिलाड़ी व्यक्तिगत प्रर्दशन कर विजय हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी ऐसा खेल है, जिससे युवा इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है। आपकों बता दें कि तीरंदाजी प्राचीन परम्परा में शामिल है। एकलव्य ने गुरु द्रोणाचार्य की प्रतिमा के आगे ध्यान लगाकर तीरंदाजी में महारत हासिल की थी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्रधान दीपचंद राहड़ ने कहा कि खिलाडियों को हार-जीत को खेल का हिस्सा मानकर आपसी सौहार्द्ध से खेलना चाहिए। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता हेमंत सिहाग, सरपंच रामनिवास कड़वासरा, पंचायत समिति सदस्य सुनील मेघवाल, प्रधानाचार्य जगदीश प्रजापत व युवा नेता गुलजार खान थे। प्रतियोगिता संयोजक महेश ढूकिया ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान तारानगर की आशा की ढ़ाणी के जाबांज विजय कुमार धीनवाल के भारतीय सेना में शहीद होने पर दो मिनिट का मौन रखकर उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सरोज गोदारा, भूराराम प्रजापत, मुकेश प्रजापत, अकरम खान, आशियाना व मोनिका ने अतिथियों का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमोद ढुकिया, रोहिताश, राजवीर मेहरा, गोपीराम ढुकिया, नोरंगराम पुनियां,दिनेश पूनिया, पंकज कुल्हरी, विजय ढुकिया, विजय लोट, सुरेन्द्र सुंडा, जगदीश लोहार, रामकुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व खिलाड़ी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पुलकित चौधरी ने किया।



**चूरू के निकटवर्ती ग्राम सोमासी में जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का पीसीसी सचिव मुस्ताक खान ने शुभारंभ किया।**

## महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**पाटन**, (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के संबंध में मंगलवार को जिला कलक्टर कार्यालय नीमकाथाना के सभागार में बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला कलक्टर शरद मेहरा ने सभी योजनाओं और कार्यक्रमों का पूरी गंभीरता से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। आंगनबाडी भवनों की स्थिति पर चर्चा कर निर्देश दिए कि मरम्मत योग्य भवनों के प्रस्ताव बनाकर विभाग को भिजवाये। विद्युत कनेक्शन, गैस कनेक्शन, शौचालय, आदि की समीक्षा करने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक ने बताया कि जिले में 803 आंगनबाडी केन्द्र संचालित है।

इनमें विभिन्न प्रकार की सेवायें प्रदान की जाती है। पूरक पोषाहार के अन्तर्गत जुलाई माह का पोषाहार वितरित कर दिया गया है तथा अगस्त माह के पोषाहार की सप्लाई चालु है। केन्द्रों पर पहुचते ही वितरित कर दिया जायेगा। जिले में संचालित आंगनबाडी केन्द्रों में से 557 केन्द्रों पर शौचालय क्रियाशील है। 570 केन्द्र विद्युतिकृत है तथा सभी केन्द्रो पर गैस कनेक्शन उपलब्ध करवा दिये गये है।

### सार-समाचार

## संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त



**सादुलपुर**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को गति देने के लिए सादुलपुर में कार्यकारिणी का गठन किया है। जिसमें सादुलपुर शहर सदस्यता अभियान मण्डल टीम में तुलसीराम शर्मा को संयोजक तथा ललीता पूनियां, सुरेश मुदगल व जितेन्द्र सैनी को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। इसी दौरान पदमभूषण देवेन्द्र झाझडियां के निवास पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं नवनियुक्त भाजपा सदस्यता अभियान के संयोजक तुलसीराम शर्मा सहित सहसंयोजक सुरेश मुदगल व ललीता पूनियां के प्रतिनिधि प्रमोद पूनियां, जितेन्द्र सैनी सहित नियुक्त किये गये सादुलपुर शहर के भारतीय जनता पार्टी के द्वरा सदस्यता अभियान की कार्यकारिणी का भाजपा कार्यकर्ताओं का द्वारा माला पहनाकर एवं मिठाईयां बांटकर जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर जोगेन्द्र झाझडिया, विमल पूनियां, कृष्ण जांगिड, रामावतार बैरासरिया, धर्मवीर सुलखणिया, गोपाल शर्मा, रामावतार शर्मा, सचिन शर्मा, धीरज मीणा, नारायणदत्त शर्मा, मनोज शर्मा व मंजीत सिहाग सहित अनेक कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत लाखलाण प.स. राजगढ़ ( चूरू )**

क्रमांक :- ग्रा.प/ई निविदा/2024-25/55-58 दिनांक : 05.09.2024

**ई-निविदा सूचना 04/2024-25**

राजकीय विभाग में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित निर्माण कार्य करवाने के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्तें www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 17.09.2024 प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक बेची जाकर उसी दिन 02.00 बजे तक प्राप्त कर सायं 04.00 बजे खोली जावेगी।

संलग्न : निविदा सूचना 04/2024-25

NIB No. ZCR2425A0345

UBN No. 1. ZCR2425WSOB00639
2. ZCR2425WSOB00640
3. ZCR2425WSOB00641
4. ZCR2425WSOB00642
5. ZCR2425WSOB00643

**अनिल कुमार मीणा**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लाखलाण**

**विनोद कुमार**
**सरपंच ग्राम पं. लाखलाण**
**पंचायत समिति राजगढ़ ( चूरू**


## अवैध डोडा पोस्त तस्करी के दोषी को 15 साल का कारावास

**सादुलपुर**, (निसं)। न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क्रम सं-2 राजगढ ने मंगलवार को लगभग चौदह साल पुराने सिद्धमुख थाने के एक अवैध डोडा पोस्त तस्करी के मामले एक आरोपी को दोषसिद्ध कर 15 साल के कठोर कारावास व एक लाख रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

प्रकरण अनुसार दिनांक 25 जुलाई 2013 को सिद्धमुख थानाधिकारी गुर भुपेन्द्र सिंह मय पुलिस टीम के साथ गस्त करते हुए धानोठी से दुमकी की ओर रवाना हुआ। उसी दौरान गस्त करते हुए धानोठी तिराहा पर पहुंचकर नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग शुरू की। तभी रूटीन चैकिंग के दौरान ताम्बाखेडी की ओर से एक सफेद रंग की मारूति कार आती दिखाई दी। जिसका चालक पुलिस की नाकाबंदी को देखकर कार को तेजी से भगाकर गालड की ओर मोड दी। जिस पर पुलिस टीम ने कार का पीछा कर कार को रुकवा लिया तथा कार में सवार चालक का नाम पता पूछा तो अपना नाम प्रदीप कुमार पुत्र भूपसिंह जाट निवासी भुरटवाला पुलिस थाना ऐलनाबाद जिला सिरसा होना बताया। कार भगाने पर शक होने के कारण कार की तलाशी ली तो कार मे पिछे की सीट व कार की डिग्गी में कुल 15 सफेद रंग के कटटो में कुल 300 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद हुआ। जिस पर अनुसंधान अधिकारी ने प्रकरण में अनुसंधान पूर्ण कर अभियुक्त प्रदीप कुमार के खिलाफ धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में चालान माननीय न्यायालय में पेश किया।

जिस पर माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क्र.सं.-2 के पीठासीन अधिकारी विद्वान न्यायाधीश लतिका दीपक पारासर ने पत्रावली का गहनता से अवलोकन कर पत्रावली पर आये लिखित, मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी प्रदीप कुमार को आरोप धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में दोषसिद्ध कर 15 साल के कठोर कारावास से व एक लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से सुनील कुमार बसेरा (कालरी) अपर लोक अभियोजक क्र.सं.-2 राजगढ ने पैरवी की।

## सवामणी का बालाजी को भोग लगाया

**सीकर**, (निसं)। विद्युत विभाग परिसर में स्थित बालाजी की कृपा से पुराना पावर हाउस से लेकर अब तक तक कार्य करते समय अब तक किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

मान्यता है कि विभाग परिसर में स्थित बालाजी की कृपा से विद्युत कर्मचारी कार्य करते समय एकदम सुरक्षित रहते हैं सीकर अजमेर विद्युत वितरण निगम खंड प्रथम में पुरानी मान्यताओं को मानते हुए प्रतिवर्ष विभाग में स्थित वीर हनुमान मंदिर की पूजा अर्चना कर सवामणी का आयोजन करता आ रहा है। इसी कड़ी में आज पुराना पावर हाउस मैं स्थित बालाजी मंदिर में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ का आयोजन करके सवामणी का बालाजी को भोग लगाया गया तत्पश्चात विभागीय अधिकारी कर्मचारी सहित आस पड़ोस के लोग एवं शहर के गणमान्य लोगों ने सवामणी का प्रसाद ग्रहण किया अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिशासी अभियंता संजीव पारीक ने बताया कि विद्युत विभाग का यह सबसे पुराना पावर हाउस है।

# विवाहिता की मौत, दहेज हत्या के आरोप में मामला दर्ज

**सादुलपुर**, (निसं)। हरियाणा सीमा पर स्थित गांव गोठ्या बड़ी में एक विवाहिता की मौत के मामले में राजगढ़ पुलिस ने मंगलवार को विवाहिता के पति सहित सास, ससुर, ननद व नन्दोई के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया है।

थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि संजय सिंह निवासी तलवाना तहसील नीमराणा जिला कोटपूतली बहरोड ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसकी बहन सुषमा पुत्री देशराज सिंह राजपूत की शादी 23 नवम्बर 2023 को हिंदू रीति-रिवाज से अरविंद सिंह पुत्र पेप सिंह राठौड़ निवासी गोठ्या बड़ी तहसील राजगढ़ के साथ की थी। शादी में हैसियत से बढ़कर दान दहेज दिया था और सोने-चांदी के आभूषण नगद राशि भी दी गई थी, लेकिन शादी के बाद से उसकी बहन के ससुर पेप सिंह, सास सुमन, पति अरविंद सिंह, देवर अजय सिंह, ननद सीमा नन्दोई आदि सभी मिलकर उसकी बहन को कम दहेज को लेकर मारपीट और परेशान कर प्रताड़ित करने लगे। दहेज में चार पहिया

■ **मृतका के भाई ने पति सहित ससुराल वालों पर करवाया मामला दर्ज**

गाड़ी और नगद रुपए की मांग करने लगे। इसी बात को लेकर उसकी बहन परेशान होकर तीन महीने तक उनके घर तलवाना में रही, लेकिन बहन का घर बसाने के लिए तथा यह सोचकर कि बहन के ससुराल वालों व्यवहार में बदलाव हो जाएगा। अपनी बहन को समझाकर 23 अगस्त 2024 को गोठ्या बड़ी में स्थित उसके ससुराल में भेज दिया। ससुराल आने के बाद सुषमा के ससुराल वाले सुषमा पर और अधिक अत्याचार और परेशान करने लगे। सुषमा को तंग करने तथा गाली-गलौच करने लगे और सभी हदें पार करने लगे। यहां तक की सुषमा के हाथ से रोटी खाना तक छीनने लगे। उसने अपनी बहन को उसकी जरूरी खर्च बाबत दस हजार नगद दिए थे। वह भी पति अरविंद सिंह ने सुषमा से छीन लिए।

आरोप लगाया कि सभी आरोपी एकराय होकर उसकी बहन की हत्या की साजिश करने लगे। गत नौ सितंबर को सभी ने साजिश के तहत उसकी बहन की हत्या कर दी। इसके बाद ससुर पेप सिंह ने उनको गुमराह करने के लिए लगभग 5.30 बजे शाम को घर पर फोन किया और बताया कि सुषमा घर से लापता है। इसके बाद लगभग 15 मिनट बाद उसके पिता देशराज सिंह ने फोन कर पेपसिंह से सुषमा के बारे में पूछा बताया कि सुषमा घर पर कमरे में ही मिल गई है, लेकिन उसके पिता पेप सिंह अत्यधिक परेशान थे, इसलिए उन्होंने सुषमा से फोन पर तुरंत बात करने की कही तो पेप सिंह ने कहा किससे बात करवाये सुषमा रही ही नहीं। हत्या की आशंका को देखते हुए शाम को 6.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम चूरू को सूचना दी, फिर हम घर से लगभग 6.30 बजे चलकर रात को लगभग दस बजे पहुंचे तो सुषमा मृत पाई गई तथा पुलिस वहां पर मौजूद थी। इसके बाद उन्होंने सुषमा के मृत शरीर को पुलिस की सुरक्षा में उप जिला अस्पताल राजगढ़ के शव गृह में रखवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** **संक्षिप्त सूचना**

**रेलवे भर्ती कक्ष**

**उत्तर पश्चिम रेलवे, बिल्डिंग नं. 4, द्वितीय तल, केन्द्रीय रेलवे अस्पताल के सामने, निकट रेलवे स्टेशन द्वितीय द्वार, जयपुर-302006**

**अधिसूचना संख्या 04/2024 (उपरे/स्पोर्ट्स/खुला विज्ञापन)**

**(यह भर्ती केवल खिलाडियों के लिए है)**

अधिसूचना संख्या 04/2024 (उपरे/स्पोर्ट्स/खुला विज्ञापन) के द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे पर खेलकूद कोटा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत खुले विज्ञापन के तहत **खिलाडियों की भर्ती हेतु भारत के पात्र खिलाडियों से** ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

- ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि : 09.09.2024
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 09.10.2024, समय 23:59 बजे तक
- रिक्तियों (पदों) की संख्या : 54 (पूर्ण विवरण हेतु विस्तृत अधिसूचना देखें)
- न्यूनतम योग्यताएं : स्नातक, 10+2, मेट्रिक या आईटीआई या समकक्ष (पे लेवल के अनुसार) साथ ही खेलकूद योग्यता।
- आयु सीमा : 18 से 25 वर्ष (दिनांक 01.01.2025 को)

विस्तृत अधिसूचना एवं ऑनलाइन आवेदन करने हेतु कृपया रेलवे भर्ती कक्ष की वेबसाइट www.rrcjaipur.in का अवलोकन करें।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष

1051-DK/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# पवन गोठवाल का भव्य अभिनन्दन किया

**सादुलपुर**, (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 08 सितम्बर को नई दिल्ली स्थित कृष्णन् मेनन भवन सभागार में आयोजित वैश्विक समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में पवन गोठवाल प्रधानाध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लूटाना मगनी, जिला चूरू को राजस्थान का शिक्षक गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित होकर लौटने पर मंगलवार को सादुलपुर में भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया।

मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म काठमाण्डो नेपाल ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार कर अपने छात्रों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले शिक्षक प्रतिभा पवन

■ **गोठवाल साक्षरता दिवस 08 सितम्बर को नई दिल्ली में शिक्षक गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए थे**

गोठवाल का मुख्य अतिथी महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल न्यायमूर्ति परमानन्द झा, समारोह अध्यक्ष उपेन्द्र यादव पूर्व उप प्रधानमंत्री नेपाल सरकार, विशिष्ट अतिथी रवि करण साहू अध्यक्ष मध्य प्रदेश तेलघाणी बोर्ड मध्य प्रदेश सरकार, राजस्थान विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री मणीशंकर अय्यर, तीरथ सिंह रावत पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार के द्वारा नेपाल राष्ट्र की सम्माननीय टोपी, शॉल, अभिनन्दन-पत्र, मेडल व स्मृति चिन्ह भेट कर शिक्षक श्रेष्ठ गुरूजन, आदर्श शिक्षक विषय विशेषज्ञ की उल्लेखनीय सेवाओं का राष्ट्र के समक्ष भूरी-भूरी प्रशंसा पर अभिनन्दन किया। सम्मानित होकर सादुलपुर पहुंचने पर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं शिक्षक साथियों ने अंबेडकर सर्किल राजगढ पर माल्यार्पण एवं बाबा साहेब की फोटो भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर ताराचंद गोठवाल, बजरंग जाखड प्रधानाचार्य, पवन स्वामी प्रधानाचार्य, राजवीर सुड्डा वाइस प्रिंसिपल, चन्द्रभान मेहरा, भगवान सिंह दायमा, रमेश शीला, विजय बेरवाल, शहनवाज, मोहसिन शेख (इन्नमा आर्गनाइजेशन), रविंद्र सुड्डा, बंटी बौद्ध, रमेश घोटड, मनोज घोटड, कुलदीप गोठवाल, निखिल मेहरा, सुधीर सांगवान व जानु कुमार आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रखर राजस्थान अभियान का निरीक्षण किया

**चूरू**, (निसं)। शिक्षा विभाग की ओर से प्रखर राजस्थान अभियान के अंतर्गत 9 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष कक्षाएं शुरू की गई है। इसमें बच्चों में पढ़ने-लिखने की मूलभूत संक्रियाओं को विकसित करने व कक्षा स्तर के अनुरूप लाने के लिए जिले के समस्त विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों में पठन कौशल की प्रवाहशीलता व समझ विकसित करने हेतु करने के लिये प्रत्येक दिवस के सातवें कालांश को रीडिंग पीरियड के रूप में निर्धारित किया गया है।

प्रखर राजस्थान अभियान के सफल संचालन और प्रभावशील बनाने के लिये राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर के उपनिदेशक डॉ. पुष्पा कुमारी ने राउमावि अभयपुरा व महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम साहवा का निरीक्षण कर अभियान का फीड बैक लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र माली ने बताया कि अभियान का उद्देश्य कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों में पठन कौशल की प्रवाहशीलता का विकास करना, पठन कौशल के माध्यम से अवधारणाओं पर समझ विकसित करना, अनुकूल वातावरण का निर्माण करना, पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, संसाधनों के अधिकतम उपयोग के अवसर प्रदान करना, स्थानीय भाषा में रोचक कहानियां व गीत आदि को कक्षा गतिविधियों में शामिल करने के अवसर प्रदान करना सहित अनेक गतिविधियां शामिल है।

समसा एपीसी रामनिवास पूनिया ने बताया कि इस अभियान की समय सारिणी समस्त विद्यालयों में भिजवा दी गई है। 2 अक्टूबर को अभियान के समापन पर पीईईओ/यूसीईईओ स्तर पर निपुण मेले में सभी विद्यार्थी भाग लेंगे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत तोगावास पंचायत समिति तारानगर, चूरू**

क्रमांक-एफ( )/24-25/85-90 दिनांक-08.09.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पंचायत समिति मद से स्वीकृत कार्यों के सम्पादन हेतु दो वर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटी पिरियड के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई-टेण्डर प्रक्रिया द्वारा आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू.में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फीस | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शमशान भूमि की चार दिवारी मय गेट निर्माण कार्य ग्राम के पूर्व साईड में तारानगर रोड ग्राम व ग्राम पंचायत तोगावास | 11.49 | 22980 | 1000 | 500 | 4 माह |
| | ऑनलाईन फार्म डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक | दिनांक 09.09.2024 को समय प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 18.09.2024 को सायं 06.00 बजे तक | | | | |
| | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक | तकनिकी निविदा 19.09.2024 को समय दोपहर 03.00 बजे | | | | |

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

(लिछमा देवी)
सरपंच
ग्राम पंचायत तोगावास
पंचायत समिति तारानगर

(मानेन्द्र सिंह)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तोगावास
पंचायत समिति तारानगर



**कार्यालय ग्राम पंचायत तोगावास पंचायत समिति तारानगर, चूरू**

क्रमांक :- एफ()/24-25/85-90 दिनांक :- 08.09.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पंचायत समिति मद से स्वीकृत कार्यों के सम्पादन हेतु दो वर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटी पिरियड के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई-टेण्डर प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://sppp.rajasthan.gov.in/https://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फिस | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्मशान भूमि की चार दीवारी मय गेट निर्माण कार्य ग्राम के पूर्व साईड में तारानगर रोड ग्राम व ग्राम पंचायत तोगावास | 11.49 | 22980 | 1000 | 500 | 4 माह |
| ऑनलाइन फार्म डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक | | दिनांक 09.09.2024 को समय प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 18.09.2024 को सांय 06.00 बजे तक | | | | |
| ऑनलाइन निविदा खोलने की दिनांक | | तकनिकी निविदा 19.09.2024 को समय दोपहर 03.00 बजे | | | | |

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**( लिछमा देवी )**
**सरपंच**
**ग्राम पंचायत तोगावास**
**पंचायत समिति, तारानगर**

**( मानेन्द्र सिंह )**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत तोगावास**
**पंचायत समिति, तारानगर**


# कबड्डी में फोगा भरथरी ने बलाल को व भालेरी ने सुजानगढ़ को हराया

**चूरू**, (निसं)। जिले की सरदारशहर तहसील के गांव बलाल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रही कबड्डी प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को भी 17-19 आयु वर्ग की छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया।

19 वर्षीय मुकाबले में जीएसएसएस फोगा भरथरी ने जीएसएसएस बलाल को, जीएसएसएस भालेरी ने बाल भारती सुजानगढ़ को, लूणासर ने तोलासर को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। सेमीफाईनल में भालेरी का मुकाबला लूणासर से होगा, जो बड़ा ही रोचक होगा। वहीं 17 वर्षीय मुकाबलों में जीएसएसएस बलाल ने अभिलाषा शिक्षण संस्थान सांडवा को, जीएसएसएस ढ़ाढ़र ने जीएसएस मेलूसर बिकान को, खिलेरीया ने कांधलसर को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पाटनदेसर के प्राचार्य कैलाश चंद्र शर्मा ने खिलाड़ियों को निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता संयोजक रामकुमार खीचड़ ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। खीचड़ ने कहा कि हार से कभी निराश नहीं होना चाहिये, बल्कि सीखना चाहिये। इस अवसर पर मनोहरी, संतोष, सरला शर्मा, हेमराज, भंवरलाल पाण्डर व विद्या मोटसरा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। पंचायत समिति सदस्य भंवरलाल नेहरा व जय सिंह मूण्ड ने नगद राशि प्रदान कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।



**चूरू के ग्राम बलाल में जिला-स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।**

## लाइब्रेरी डे मनाया गया

**सादुलपुर**, (निसं)। पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ में मंगलवार को प्रखर राजस्थान के अंतर्गत लाइब्रेरी डे मनाया गया। मीडिया प्रभारी विमलेश चन्द्र ने बताया कि माँ शारदे की स्तुति के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने कहा कि कक्षा 01 से 08 तक के बच्चों को पढने के प्रति जागरूक करने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा 09 सितंबर से प्रखर राजस्थान कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत आज की गतिविधि के अंतर्गत विद्यालय में लाइब्रेरी डे का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य डॉ. बलौदा ने कहा कि पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र हैं एवं उन्हें हमेशा पढते रहना चाहिए। आज की भागमभाग जिंदगी में पुस्तकें तनावमुक्त रखने का एकमात्र साधन है। पुस्तकों से सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने छात्राओं से पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने का आ ान किया। प्रभारी नवाब खान ने आभार जताया। इस अवसर पर उपप्राचार्य अरुणा वशिष्ठ सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।